THE INSTITUTE OF
Company Secretaries of India
भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान
IN PURSUIT OF PROFESSIONAL EXCELLENCE
Statutory body under an Act of Parliament
(Under the jurisdiction of Ministry of Corporate Affairs)

प्रेसविज्ञप्ति

ब्यूरो के प्रमुख **19 जनवरी, 2021**

ICSI ने वर्ष 2021 के लिए अपने नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया

सीएस नागेंद्र डी राव, 19 जनवरी, 2021 से वर्ष 2021 के लिए भारतीय कंपनी सचिव संसथान के अध्यक्ष और सीएस देवेंद्र वी देशपांडे उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किये गए

CS Nagendra D. Rao
President, The ICSI

CS Devendra V Deshpande
Vice-President, The ICSI

सीएस नागेंद्र डी राव, अध्यक्ष, आईसीएसआई

आईसीएसआई के फेलो सदस्य सीएस नागेंद्र डी राव मुंबई विश्वविद्यालय से कानून (लॉ) और वाणिज्य में स्नातक हैं। वे सीएस नागेन्द्र डी राव एन्ड एसोसिएट्स, एलएलपी, बेंगलुरु में प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज फर्म के संस्थापक और पार्टनर हैं। उन्हें 2019-2022 के लिए आईसीएसआई की केंद्रीय परिषद के लिए चुना गया था और 2021 के लिए अध्यक्ष चुने जाने से पहले वह वर्ष 2020 के लिए आईसीएसआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके है ।

कॉर्पोरेट क्षेत्र में 15 वर्षों के अनुभव के साथ वह कॉर्पोरेट और प्रतिभूति कानून, पूंजी बाजार लेनदेन, व्यवसाय योजना, विलय और अधिग्रहण, वित्तीय पुनर्गठन, रणनीतिक निवेश, निधि योजना आदि के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भी कार्य किया है।

वह पिछले कई सालों से ICSI से जुड़े हुए है। वह दो बार, वर्ष 2011-2014 और 2015-2018 में दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद (SIRC) के लिए चुने गए एवं वर्ष 2015 के लिए उन्होंने SIRC के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। इससे पहले वह ICSI के बेंगलुरु चैप्टर की प्रबंध समिति में वर्ष 2007-2010 के दौरान रह चुके है जिसमे वर्ष 2007 में वह बेंगलुरु चैप्टर चेयरमैन के रूप में कार्य कर चुके है।

सीएस नागेंद्र डी राव साल 2018-19 के लिए सेंट्रल चैंबर, कॉर्पोरेट लॉ एंड फेडरेशन ऑफ कर्नाटक चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सदस्य थे। वह 2000 - 2004 की अवधि के दौरान बैंगलोर चैम्बर ऑफ़ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स की कॉर्पोरेट मामलों और कराधान समिति के सदस्य थे। शिक्षा के क्षेत्र में प्रदान की गई उत्कृष्ट सेवा के लिए उन्हें डॉ डीजी शेट्टी एजुकेशनल सोसाइटी (आर), धारवाड़, कर्नाटक द्वारा "विद्या विकास " की उपाधि से सम्मानित किया जा चूका है ।

सीएस देवेंद्र वी देशपांडे, उपाध्यक्ष, आईसीएसआई

आईसीएसआई के फेलो सदस्य और पुणे विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर सीएस देवेंद्र वी देशपांडे को आईसीएसआई की केंद्रीय परिषद के लिए 2019 - 2022 के लिए चुना गया था। वह वर्ष 2020 में ICSI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE), हैदराबाद एवं ICSI कॉर्पोरेट गवर्नेंस एवं रिसर्च सेंटर (CCGRT) के अध्यक्ष भी रह चुके है । वह ICSI IIP में एक नॉमिनी डायरेक्टर हैं।

सीएस देशपांडे ने वर्ष 2019 के लिए आईसीएसआई की सूचना प्रौद्योगिकी समिति का भी नेतृत्व किया है । वह आईसीएसआई द्वारा गठित विभिन्न समितियों के सदस्य रह चुके है जिसमें कार्यकारी समिति, कॉर्पोरेट कानून और शासन समिति, प्रशिक्षण और शैक्षिक सुविधाएं समिति, प्लेसमेंट समिति, पीएमक्यू कोर्स समिति, चुनाव सुधार शामिल हैं।

वह 2004 से संस्थान से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। 2015 - 18 की अवधि के लिए ICSI के WIRC के लिए निर्वाचित हुए, उन्होंने वर्ष 2013 में ICSI के WIRC के पुणे चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और 2007 से - 2014 तक की अवधि में प्रबंध समिति के एक सक्रिय सदस्य थे। ।

सीएस देवेंद्र वी देशपांडे 2004 से एक प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी हैं और कॉर्पोरेट कानून, विदेशी मुद्रा कानून, कंपनी कानून और संबद्ध कानून, सचिवीय ऑडिट और कॉर्पोरेट पुनर्गठन के तहत लेखा परीक्षा में एक्सपर्ट है।

प्रीति कौशिक बनर्जी
निदेशक
कॉर्पोरेट संचार और अंतर्राष्ट्रीय मामले
दूरभाष: 011-4534 1022
ई-मेल: preeti.banerjee@icsi.edu